प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 05.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे फिनलैंड के राष्ट्रपति स्टब, विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर होगी चर्चा।
- दुबई में फंसे झारखंड के नवदंपति ने सरकार से लगाई सुरक्षित वापसी की गुहार, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर वापसी की व्यवस्था करने की अपील की।
- हर्षोल्लास के साथ राज्य भर में मना रंगों का उत्सव होली, एक दूसरे से मिलकर दी होली की बधाई।
- टी–20 विश्वकप के सेमीफाइनल में आज भारत का मुकाबला इंग्लैंड से, मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम सात बजे से होगी भिड़ंत।

************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब आज नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों नेता आपसी सहयोग को विभिन्न क्षेत्रों में और सुदृढ़ करने पर चर्चा करेंगे। साथ ही, बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार भी साझा करेंगे। वार्ता के बाद कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति स्टब के सम्मान में दोपहर भोज का आयोजन करेंगे।
श्री स्टब, चार दिवसीय राजकीय यात्रा पर कल नई दिल्ली पहुंचे। जहां हवाई अड्डे पर उनका स्वागत विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने किया। राष्ट्रपति स्टब का औपचारिक स्वागत कर उन्हें ऑफ गार्ड ऑनर भी दिया गया। एक रिपोर्ट–

************************

दस राज्यों में 37 राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया आज समाप्त हो जाएगी। नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी। उम्मीदवार नौ मार्च तक नाम वापस ले सकते हैं। इन सीटों के लिए मतदान 16 मार्च को होगा और परिणाम उसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे।

************************

रांची के रहने वाले एक नवविवाहित दंपति खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते युद्ध तनाव के बीच दुबई में फंस गए हैं। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया में अधिकारी अतुल उरांव अपनी पत्नी डॉ. कंचन बाड़ा के साथ 27 फरवरी को दुबई गए थे। उनकी वापसी चार मार्च को तय थी, लेकिन क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव के कारण कई उड़ानें रद्द होने से वे वहां फंस गए हैं।
नवदंपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हस्तक्षेप कर सुरक्षित वापसी की व्यवस्था करने की अपील की है।

************************

विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक टेलीफोन नम्बर – 18 00 11 87 97 या 011–2301 2113, 011–2301 4104 तथा 011–2301 7905 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा संघर्ष के क्षेत्र में भारतीय दूतावासों ने भी चौबीसों घंटे आपात हेल्पलाइन भी शुरू की है।

************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज अपने पैतृक गांव नेमरा में आयोजित बाहा पर्व में शामिल होंगे। इसके लिए वे अपनी पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन के साथ कल देर शाम नेमरा पहुंचे थे। बता दें कि बाहा पूजा संथाल समाज की महत्वपूर्ण परंपरा मानी जाती है। इस अवसर पर श्रद्धालु ग्राम देवताओं की पूजा कर गांव की सुख–समृद्धि और शांति की कामना करते हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

************************

राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में होली का पर्व कल हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी रांची में हर तरफ़ होली की धूम है। लोग दिनभर रंग खेला और एक दूसरे के यहां जाकर पकवान का आनंद लिया। शाम को लोगों ने अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

************************

गिरिडीह में होली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे। पुलिस बल के जवान चौक चौराहों से लेकर गली – मोहल्ले तक जवान तैनात किए गए। पुलिस अधीक्षक विमल कुमार ने बताया कि मुस्तैदी के साथ जवान तैनात रहे ताकि विधि व्यवस्था कायम रहे, और लोग शांति से पर्व का आनंद ले सकें।

************************

धनबाद जिले के धनसार थाना क्षेत्र के बरमसिया फुटबॉल ग्राउंड में फायरिंग की घटना में दो युवक घायल हो गए। घायल विष्णु कुमार के पैर में और पुष्पक मिश्रा के पेट में गोली लगी है। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि डीजे बजाने और बकाया पैसे को लेकर हुए विवाद के बाद ठेकेदार विकास लाला और उसके साथियों ने फायरिंग कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

************************

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा रांची जिला की बैठक आज रांची के डोरंडा भवानीपुर स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित की जाएगी। यह बैठक 10 मार्च को आयोजित अनिश्चितकालीन विधानसभा मार्च और धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर किया जाएगा। जानकारी रांची जिला के अध्यक्ष सुबोध कुमार लकडा ने दी। बैठक में मांडर, चान्हो बुडमू, खलारी, बेड़ो ,लापुंग, खिजरी, सिल्ली, सोनाहातु, बुंडू, राहे, रांची सदर कांके ओरमांझी क्षेत्र के आंदोलनकारी विशेष रूप से भाग लेंगे।

************************

टी–20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में आज भारत का मुकाबला इंग्लैंड से होगा। यह मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम सात बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमें फाइनल में जगह बनाने के इरादे से मैदान में उतरेंगी। इस मुकाबले की विजेता टीम आठ मार्च को होने वाले फाइनल में न्यूज़ीलैंड से भिड़ेगी। वानखेड़े स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है, ऐसे में मैच में बड़े स्कोर की उम्मीद की जा रही है।

************************

अखबारों के डिजिटल संस्करण से

आज रांची से प्रकाशित अखबारों की वेबसाइट में मुख्य रूप से होली की खबरों को प्रमुखता से लिया गया है।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री के नेमरा गांव में बाहा पर्व में शामिल होने की खबर को प्रमुखता से लिया है।
दैनिक भास्कर ने महेंद्र सिंह धोनी के हाईस्पीड कार चलाने के कारण चालान कटने की खबर को प्रमुखता से प्रसारित किया है।
हिंदुस्तान ने होली की खबर को सुर्खी बनाई, साथ ही आगलगी की छिटपुट घटना को भी शामिल किया है।

********************